एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 24.11.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

छुटे हुए दिव्यांगजनो के लिए 28 से 30 नवम्बर 2017 विशेष शिविर का आयोजन

भिलाई नगर/ दिव्यांग सशक्तिकारण अभियान 2017 के अन्तर्गत द्वितीय चरण में शेष घुटे हुये दिव्यागो ंका सेवा सुविधा लाभ के लिये नगर निगम भिलाई के सभी 06 जोन मुख्यालय में 28 से 30 नवम्बर 2017 को विशेष शिविर का आयोजन किया गयाहै । इस शिविर में ऐसे दिव्यांग जन जिनका दिव्याग प्रमाण–पत्र नवीनीकरण हो चुका है। या शिविर में विकलांग प्रमाण–पत्र बनाने के लिये आवेदन दिये है उनका प्रमाण–पत्र भी शिविर मे ंवितरण किया जायेगा । साथ ही रेल्वे पास,बस पास, बच्चों के छात्रवृत्ति,वृद्धा पेशन,राशनकार्ड,स्वास्थ्य कार्ड,स्मार्टकार्ड तथा सभी प्रकार के सहायक उपकरण के लिये इस शिविर में आवेदन फार्म वितरण एवं जमा किया जावेगा ।

निगम भिलाई क्षेत्र में अब तक कुल 1723 दिव्यांगहितग्राहियों की पहचान कर उक्त सेवा सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु आवेदन पत्र भराये जा रहेहै।इस शिविर में शेष छुटे नय दिव्यांगजनों के लिये विशेष रूप से यु डी आई डी पंजीयन एवं अन्य सुविधा प्रदाय करने हेतु उन्हे प्रेरित किया जावेगा । दिव्यांगशिविर के लिये नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्त्ता, आगंनबाडी कार्यकर्त्ता को निर्देशित करते हुये दिव्यांगजनों के आवेदन फार्म वितरण एवं सभी प्रकार के दस्तावेज संकलित कर आवेदन जमा करने का जिम्मा दिया गया है। आयुक्त के.एल. चौहान ने अपील की है कि अधिक से अधिक छुटे हुये दिव्यांगजन शिविर में उपस्थित होकर सेवा सुविधा का लाभ उठायेगें ।

जनसंपर्क अधिकारी